आज का मौसम

भोपाल	↑ 32.3°	↓ 15.4°
इंदौर	↑ 28.5°	↓ 16.2°
ग्वालियर	↑ 28.1°	↓ 13.8°
जबलपुर	↑ 24.3°	↓ 15.6°

सूर्योदय- 6.52 सूर्यास्त-6.17

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

जोकोविच-सेरेना आस्ट्रेलियन ... 11

वर्ष- 74 (भोपाल: वर्ष 36 अंक 81, पृष्ठ 12) बुधवार 17 फरवरी, 2021 राजधानी संस्करण. कीमत: रु. 3:00 www.naiduniaonline.com

बाणसागर नहर में गिरी बस, 47 की मौत

सीधी में बड़ा हादसाः मृतकों में 24 पुरुष, 20 महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल, 7 यात्री तैरकर किनारे लगे

भोपाल(काप्र)।

मध्यप्रदेश के सीधी जिले में मंगलवार सुबह 7:30 बजे बड़ा हादसा हो गया। 54 यात्रियों के साथ सतना जा रही बस 22 फीट गहरी बाणसागर नहर में गिर गई। अब तक 47 शव निकाले जा चुके हैं। इनमें 24 पुरुष, 20 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। माना जा रहा है कि कुछ शव बह गए हैं। रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही एक महिला, एक लड़की और उसके भाई ने सात लोगों को बचा लिया। बस का ड्राइवर खुद तैरकर बाहर आ गया, जिसे बाद में हिरासत में ले लिया गया।

हादसा रामपुर नैकिन के पास सरदा गांव में हुआ। यह जगह सीधी से 80 किलोमीटर और सतना से करीब 100 किलोमीटर दूर है। बस सुबह 6 बजे सीधी से रवाना हुई थी। इसमें 32 लोग बैठाए जा सकते थे, लेकिन ड्राइवर ने 54 यात्री भर लिए थे। इनमें ज्यादातर सीधी और सिंगरौली जिले के रहने वाले थे। 12 लड़के-लड़कियां रेलवे, हॅक्क्ष्ट और नर्सिंग का एग्जाम देने सतना और वहां से रीवा जाने के लिए अपनी मां या पिता के साथ इस बस में सवार हुए थे।

कम से कम 30 फीट चौड़ी नहर में दुर्घटना के वक्त कम से कम 20 फीट ऊंचाई तक पानी भरा हुआ था। राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कराने के लिए तत्काल प्रशासन सक्रिय हुआ और क्रेन बुलाने के साथ ही बाणसागर बांध जलाशय से पानी की निकासी बंद कराई गई। बांध और हादसास्थल के बीच की दूरी लगभग 40 किलोमीटर बताई गई है। पानी की निकासी बंद होने के कुछ समय बाद नहर में जलस्तर घटा और तब बस निकालने के साथ ही मृतकों के शव निकाले गए। राहत और बचाव कार्य में लगभग तीन घंटे का वक्त लगा और रीवा संभाग आयुक्त राजेश जैन के अलावा प्रशासन और पुलिस के अन्य आला अधिकारी भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि सड़क नहर के ठीक किनार से गुजर रही है, एक बार जब बस अनियंत्रित हुई तो पानी तक पहुंचने में इसे मुश्किल से कुछ सेकेंड लगे और यात्रियों को संभलने या बाहर कूदने का कोई मौका नहीं लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में 32 लोगों को बैठाने की क्षमता थी लेकिन इसके बावजूद इसमें करीब दोगुने यानी पचास से ज्यादा यात्रियों को बैठाया गया। इस बस को सीधी से चुरहट, रामपुर नैकिन, बधबार और गोविंदगढ़ होते हुए सतना पहुंचना था। चुरहट तक बस आई, लेकिन उसके बाद रामपुर नैकिन से स्टूडेंट्स के कहने पर ड्राइवर ने रूट बदल लिया। इन स्टूडेंट्स का एग्जाम था, इसलिए उन्हें वक्त पर सतना पहुंचना था। दरअसल, सीधी से सतना जाने वाला नेशनल हाईवे-39 छुहिया घाटी से गुजरता है। जगह-जगह सड़क खराब और अधूरी होने से पिछले कुछ दिनों से छुहिया घाटी में जाम लग रहा है। इसलिए (शेष पेज 2 पर)

प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक स्थगित की गृह-प्रवेश कार्यक्रम भी रद्द

सीधी में मंगलवार सुबह बस दुर्घटना के बाद प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य में निर्मित एक लाख नए आवासों के लाभार्थियों के लिए गृह-प्रवेश कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस गृह-प्रवेश कार्यक्रम में लाभार्थियों के लिए नए आवासों का ऑनलाइन लोकार्पण करना था। घटना के बाद प्रदेश सरकार ने मंगलवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक भी स्थगित कर दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी जानकारी दी है। चौहान ने कहा कि मेरे भाइयों-बहनों, आज हम उत्साह से एक लाख घरों में गृह प्रवेश का यह कार्यक्रम (शेष पेज 2 पर)

सीधी और निवाड़ी दुर्घटना में मृत व्यक्तियों को मंत्रि-परिषद ने दी श्रद्धांजलि

सीधी दुर्घटना में मृत व्यक्ति यों के परिजनों को 7 लाख रूपए की सहायता मंजूर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में संपन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक के पूर्व सीधी जिले की बस दुर्घटना और निवाड़ी जिले में खदान धँसने से मृत व्यक्तियों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को सीधी जिले में हुई बस दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रात: 7:30 बजे बस अनियंत्रित होने के कारण बाणसागर बांध की नहर में गिरी। तत्काल प्रभाव से आरंभ हुआ रैस्क्यू ऑपरेशन पूर्ण हो चुका है। इस दुर्घटना में 45 लोगों की मृत्यु हई है, जिसमें 24 पुरुष, 20 महिलाएँ और एक बच्चा है। मुख्यमंत्री ने निवाड़ी जिले में एक निजी खदान में मिट्टी धँसने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में भी अवगत कराया।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शोक संवेदना: मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधी में हुई बस दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गहरा दु:ख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर केंद्र शासन द्वारा 2 लाख रूपए और राज्य शासन द्वारा 5 लाख रूपए प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा तात्कालिक सहायता के रूप में संबंधित परिजनों को 10-10 हजार रूपए की सहायता उपलब्ध करा दी गई है। मोदी ने (शेष पेज 2 पर)

खास-खबर

दीप सिद्धू की पुलिस हिरासत 7 दिन और बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने गणतंत्र दिवस हिंसा मामले में मंगलवार को पंजाबी अभिनेता-गायक दीप सिद्धू की पुलिस हिरासत सात दिनों के लिए और बढ़ा दी है। 9 फरवरी को हरियाणा के करनाल बाईपास से गिरफ्तार किए गए सिद्धू को दिल्ली पुलिस ने लाल किले में गणतंत्र दिवस पर हुई हिंसा को भड़काने का मुख्य आरोपी माना है। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा जांच कर रही है कि क्या हिंसा एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। 9 फरवरी को अदालत ने उसे पूछताछ के लिए पुलिस की सात दिन की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत में रहते हुए, सिद्धू के साथ एक अन्य आरोपी इकबाल सिंह को सीन को रीक्रिएट करने के लिए लाल किले ले जाया गया, जहां गणतंत्र दिवस पर हिसा हुई थी।

बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच मिथुन चक्रवर्ती से मिले संघ प्रमुख भागवत

मुंबई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती से उनके घर जाकर मुलाकात की। भागवत और दिग्गज अभिनेता मिथुन की इस मुलाकात ने इन खबरों को हवा दे दी है कि 5 साल के अंतराल के बाद वे फिर से राजनीति में वापसी कर सकते हैं। हालांकि अभिनेता ने राजनीति में वापसी की सभी अफवाहों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि वे कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश की यात्रा के दौरान भागवत से मिले थे, लिहाजा मुंबई आने पर उन्होंने उनसे मुलाकात की।

नए कृषि सुधारों का लाभ छोटे, सीमांत किसानों को सबसे ज्यादा होगाः मोदी

नई दिल्ली / बहराइच (एजेंसियां)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तीनों नए कृषि कानूनों का बचाव करते हुए कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को इन सुधारों का सबसे ज्यादा लाभ होगा। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर इन कानूनों के खिलाफ 'दुष्प्रचार' करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने देश के कृषि बाजार में विदेशी कंपनियों को बुलाने के लिए कानून बनाए, वह आज देसी कंपनियों के नाम पर किसानों को डरा रहे हैं।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव के स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्य की आधारशिला रखने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि देश में अनेक ऐसे सेनानी हैं, जिनके योगदान को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे हकदार थे। नये कृषि कानूनों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कृषि सुधारों का लाभ छोटे और सीमांत किसानों को सबसे

अधिक हो रहा है और उत्तर प्रदेश में नए कानूनों के बाद जगह-जगह से किसानों के बेहतर अनुभव भी सामने आने लगे हैं। मोदी ने कहा कि इन कानूनों को लेकर भांति-भांति का प्रचार करने की कोशिश हुई। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश के कृषि बाजार में विदेशी कंपनियों को बुलाने के लिए कानून बनाए, वह आज देसी कंपनियों के नाम पर किसानों को डरा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि (शेष पेज 2 पर)

कोरोना के बाद अब योग और ध्यान को लेकर दुनिया में बढ़ रही गंभीरताः पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम चंद्र मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की शुरुआत में भारत की स्थिति को लेकर पूरी दुनिया चिंतित थी, लेकिन आज कोरोना से भारत की लड़ाई दुनिया भर को प्रेरित कर रही है। पोस्ट कोरोना विश्व में अब योग और ध्यान को लेकर अब गंभीरता और बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग के साथ ध्यान की भी आज के विश्व को बहुत अधिक आवश्यकता है। दुनिया के कई बड़े संस्थाएं दावा कर चुकी हैं कि डिप्रेशन मानव जीवन की कितनी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

भारत ने इंग्लैंड को 317 रनों से हराया

चेन्नई (एजेंसियां)। लेग स्पिनर अक्षर पटेल (5/60) और ऑफ स्पिनर (3/53) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को 317 रनों से हराकर चार मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत ने इंग्लैंड को 482 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 164 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से अक्षर और अश्विन के अलावा चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने 25 रन देकर दो विकेट लिए।इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में मोईन अली ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों के सहारे सर्वाधिक 43 रन, कप्तान जोए रूट ने 92 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 33 रन, डेनियल लॉरेंस ने 26, रोरी बर्न्स ने 25, ओली पोप ने 12 रन बनाए। (विस्तृत समाचार खेल पेज पर)

पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार पर संकट के बीच एलजी किरण बेदी को अचानक पद से हटाया

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

पुडुचेरी में राजनीतिक संकट के बीच किरण बेदी को एलजी पद से हटा दिया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बेदी को तुरंत प्रभाव से हटाते हुए तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है।

बेदी को ऐसे समय पर हटाया गया है जब केंद्र शासित प्रदेश में एक और विधायक के सदस्यता से इस्तीफे के बाद राज्य की कांग्रेस सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में अपना बहुमत खो दिया है। मौजदा सदन में कांग्रेस नीत गठबंधन के अब 14 विधायक रह गए हैं। पुडुचेरी विधानसभा के लिए अगले कुछ महीनों में चुनाव होने वाले हैं। इस मौके का लाभ उठाते हुए विपक्ष ने मुख्यमंत्री वी नारायणसामी से इस्तीफा मांगते हुए कहा कि सरकार अल्पमत में है। पुडुचेरी की 33 सदस्यीय विधानसभा में अब विपक्ष के सदस्यों की संख्या भी 14 है। हालांकि, नारायणसामी ने विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार को सदन में बहुमत हासिल है। पुडुचेरी के कांग्रेस विधायक ए जॉन कुमार ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, इसके साथ ही गत एक महीने में वह चौथे विधायक हो गए हैं जिन्होंने विधायक पद छोड़ा है। कुमार के इस्तीफे के साथ ही विधानसभा में स्पीकर सहित कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 10 सदस्य रह गई है। जबकि उसके सहयोगी द्रमुक के तीन सदस्य हैं एवं निर्दलीय सदस्य भी नारायणसामी की सरकार को समर्थन दे रहा है। सदन में प्रभावी सदस्यों की संख्या के आधार पर बहुमत का आंकड़ा 15 है। पुडुचेरी (शेष पेज 2 पर)

कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल पर 'मोदी टैक्स' को वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच, कांग्रेस ने मंगलवार को पेट्रोलियम उत्पादों पर करों को तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों में सरकार ने करों के माध्यम से 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जबकि एक आम आदमी पीड़ित है।

इसे 'मोदी टैक्स' करार देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम पिछले 6.8 वर्षों में लगाए गए इस अतिरिक्त मोदी टैक्स को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। यह अपने आप पेट्रोल की कीमत 61.92 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 47.51 रुपये प्रति लीटर तक कम कर देगा। हर आम भारतीय इस की राहत का तुरंत हकदार है। उन्होंने कहा, पिछले 6.8 वर्षों में सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाकर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की (शेष पेज 2 पर)

पत्रकार राजदीप सरदेसाई पर सुप्रीम कोर्ट ने दर्ज किया अवमानना का केस

नई दिल्ली (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका के संबंध में कथित आपत्तिजनक ट्वीट को लेकर पत्रकार राजदीप सरदेसाई के खिलाफ स्वत- संज्ञान लेते हुए अवमानना मामला दर्ज किया है। यह मामला आस्था खुराना द्वारा अधिवक्ता ओम प्रकाश परिहार के जरिए दायर एक याचिका के बाद दर्ज किया गया है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 129 के तहत सरदेसाई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए देश के प्रधान न्यायाधीश (शेष पेज 2 पर)

दिशा की गिरफ्तारी कानून के अनुरूप की गईः दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली (एजेंसियां)। दिल्ली के पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी कानून के अनुरूप की गई है, जो '' 22 से 50 वर्ष की आयु के लोगों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता।

श्रीवास्तव ने पत्रकारों से कहा कि यह गलत है जब लोग कहते हैं कि 22 वर्षीय कार्यकर्ता की गिरफ्तारी में चूक हुई। दिशा रवि को तीन कृषि कानूनों से संबंधित, किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ी 'टूलकिट' सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में गत शनिवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दावा किया है कि उन्होंने 'टेलीग्राम ऐप' के जरिए जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को यह 'टूलकिट' भेजी थी और इस पर कार्रवाई के लिए उन्हे मनाया था। दिल्ली पुलिस के प्रमुख ने कहा कि दिशा रवि की गिरफ्तारी कानून के अनुरूप की गई है, जो 22 से 50 वर्षीय की आयु के लोगों के बीच कोई (शेष पेज 2 पर)

पुलिस ने 'जूम' एप से 11 जनवरी को हुई ऑनलाइन बैठक में शामिल लोगों की जानकारी मांगी

दिल्ली पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एप 'जूम' को पत्र लिख कर, कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक एक समूह द्वारा किसानों के प्रदर्शन के समर्थन में 'टूलकिट' तैयार करने के लिए 11 जनवरी को आयोजित ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए लोगों के संबंध (शेष पेज 2 पर)

केरल और महाराष्ट्र में कोरोना के काफी मामले, बढ़ रही हैं चिंताएं ; स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली (एजेंसियां)। कोरोना वायरस के मामले पिछले कुछ महीनों में देश में काफी कम हुए हैं, लेकिन दो ऐसे राज्य हैं, जहां के केस सरकार के लिए चिंता का सबब बने हुए हैं। ये दो राज्य केरल और महाराष्ट्र हैं, जहां पर पिछले कुछ दिनों में कोरोना मामलों में वृद्धि देखी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि इन दो राज्यों के कोरोना मामलों की वजह से चिंताएं भी बढ़ रही हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, केरल और महाराष्ट्र में 61,550 और 37,383 एक्टिव केस हैं। ये देश भर के एक्टिव मामलों का कुल 72 फीसदी है।

स्पेशल खबर सरकार ने जस्टिन ट्रूडो से जताई चिंता...

बौखलाए खालिस्तानी कनाडा में भारतीयों को बना रहे निशाना

ओटावा (एजेंसियां)।

भारत में चल रहे किसान आंदोलन को प्रभावित करने के खुलासे और सरकार के एक्शन के बाद अब खालिस्तानी संगठनों में बौखलाहट की स्थिति है। यही नहीं कनाडा में शह पाए खालिस्तानी अब वहां रह रहे अन्य भारतीयों को भी धमकी दे रहे हैं। ऐसी कई रिपोर्ट्स हैं, जिनमें भारतीय-कनाडा समुदाय के लोगों को धमकी देने की बात सामने आई है।

इन रिपोर्ट्स के बाद भारत सरकार ने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो से भारतीयों को सुरक्षा देने को कहा है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में कनाडा सरकार को चिंताओं से अवगत कराया है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में रह रहे भारतीयों की ओर से भी कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो खत लिखकर सुरक्षा की मांग की गई है। सनातन मंदिर कल्चरल सेंटर नाम के संगठन ने भी खालिस्तानियों से लगातार धमकी मिलने की बात कही है। कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने लिखा है, हम इन रिपोर्ट्स से चिंतित हैं, जिनमें कहा गया है कि भारत में कृषि सुधारों के लिए लागू किए गए कानूनों का समर्थन करने वाले भारत के नागरिकों और मित्रों को टारगेट किया जा रहा है और उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। उन्हें हिंसा की धमकी दी जा रही है और उनके बिजनेस के बायकॉट और प्रभावित करने की धमकी भी जा रही है। हिंसा और रेप जैसी धमकियां मिलने की बात कनाडा के ग्रेटर टोरंटो एरिया, मेट्रो वैंकोवर और वैंकोवर जैसे इलाकों से सामने आई हैं। इस संबंध में 28 इंडो-कनैडियन संगठनों ने कनाडा के मंत्री बिल ब्लेयर से चिंता जाहिर की है।

हालांकि अब तक उन्हें मंत्री की ओर से जवाब मिलने का इंतजार है। इस बीच भारतीय उचायुक्त अजय बिसारिया ने भारतीय समुदाय को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। बिसारिया ने कहा, यदि किसी भी भारतीय नागरिक को किसी तरह की धमकी मिलती है तो उन्हें तुरंत ही इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। पुलिस को तत्काल मामले की सूचना देने के साथ ही हमें भी इस बारे में बतना चाहिए।

नेशनल कान्फ्रेंस नेता यूएपीए के तहत गिरफ्तारः पुलिस

श्रीनगर (एजेंसियां)। नेशनल कान्फ्रेंस नेता हिलाल लोन को पिछले साल जिला विकास परिषद चुनाव (डीडीसी) की एक रैली में कथित तौर पर 'घृणा फैलाने वाला भाषण' देने के एक मामले में अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लोन को सोमवार को यहां विधायक हॉस्टल से गिरफ्तार किया गया। उन्हें पिछले साल दिसंबर से ही यहां रखा जा रहा था। लोन नेशनल कान्फ्रेंस के सांसद मोहम्मद अकबर लोन के बेटे हैं। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में हाजीन के एक पुलिस थाने में उनके खिलाफ अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।